# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
पुराना धमतरी रोड, सेज बहार, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष नं० 0771-2103147, website: www.gecraipur.ac.in, E-mail-principal@gecraipur.ac.in


क्र०/GECR/मेरिट/छात्रवृत्ति/ /2022 रायपुर, दिनांक /11/2022

## //मेरिट एवं मेरिट-कम मीन्स छात्रवृत्ति सूचना वर्ष 2022_23//

संस्था में अध्ययनरत् **प्रथम/द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री सहित)** के समस्त छात्र-छात्राओं का सूचित किया जाता है कि कक्षा 12 वीं/डिप्लोमा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी **Merit/Merit Cum Means Scholarship** आवेदन फार्म संबंधित शाखा से प्राप्त कर दिनांक 05.12.2022 तक पूर्ण रूप से भरकर छात्रवृत्ति शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करें।

उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

**फार्म के साथ निम्नानुसार आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।**

1. 12 वीं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
2. तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा आबंटन पत्र (**Allotment Letter**) की छायाप्रति।
3. डिप्लोमा की समस्त अंकसूची की छायाप्रति (केवल लेटरल एंट्री हेतु)
4. लेटरल ऐंट्री हेतु प्रोविजनल प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. वास्तविक निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
6. आयप्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति (केवल **Merit Cum Means Scholarship** के लिए)
7. बैक पासबुक के प्रथम पेज की स्पष्ट छायाप्रति आई.एफ.एस.सी कोड सहित।
8. प्रवेश रसीद की छायाप्रति।
9. आधार कार्ड की छायाप्रति।

**नोटः- Merit Cum Means Scholarship हेतु अधिकतम आय की सीमा 2.50 लाख तक है।**

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
रायपुर, (छ०ग०)

पृ०क्र० /GECR/मेरिट/छात्रवृत्ति/2938/2022 रायपुर, दिनांक 18/11/2022

प्रतिलिपि :-

1- समस्त विभागाध्यक्ष(**Basic Science, Civil, Cse., EEE., Et&t, Mech.**) को इस अभ्युक्ति के साथ कि वे अपने अधीनस्थ अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को इस सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2- वेबसाइट प्रभारी, संस्था के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करेंगे।
3- छात्रवृत्ति शाखा, सू.पटल/छात्रशाखा, सू.पटल /प्राचार्य कक्ष, सू. पटल/ विभागाध्यक्ष, सू. पटल।

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
रायपुर, (छ०ग०)

DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़
Indrawati Bhavan, Block-3, 3rd /4th Floor, Nawa Raipur, Atal Nagar, Dist.- Raipur - 492002
इन्द्रावती भवन, ब्लाक-3 तृतीय/चतुर्थ तल, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला- रायपुर - 492002
Phone 0771-2221326, Fax 2253620, Website http //www.cgdteraipur.cgstate.gov.in

क्रमांक/शेक्ष./2022-23/ए-10/योग्यता छात्रवृत्ति 3400 नया रायपुर, अटल नगर, दिनांक 15/11/2022

प्रति,

(1) प्राचार्य,
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय,
रायपुर/बिलासपुर/जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

(2) प्राचार्य,
शासकीय पॉलीटेक्निक
दुर्ग/अंबिकापुर/कोरबा/रायगढ़/खैरागढ़,/तखतपुर/धमतरी/कबीरधाम/जांजगीर-चाँपा/महासमुन्द/गरियाबंद/कांकेर/नारायणपुर/बीजापुर/कोरिया/जशपुर/मुंगेली/रामानुजगंज/सुकमा/बलौदाबाजार/रायपुर/जगदलपुर/बिलासपुर/भाटापारा/ सूरजपुर/कोण्डागाँव/बेरला (बेमेतरा)/बालोद (छत्तीसगढ़)

(3) शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक
रायपुर/राजनाँदगाँव/बिलासपुर/जगदलपुर, (छत्तीसगढ़)

विषय :- वर्ष 2022-23 में योग्यता छात्रवृत्ति (Merit Scholarship), स्वीकृति के लिये प्रस्ताव भेजने संबंधी तथा योग्यता सह साधन (Merit Cum Means) छात्रवृत्ति के संबंध में निर्देश।

संदर्भ:- तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना दिनांक 21 जून 2013

—00—

राज्य के शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों एवं शासकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं के प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र-छात्राओं तथा द्वितीय वर्ष मे (लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेशित) सत्र 2022-23 में नवीन प्रवेशित ऐसे छात्र-छात्राएँ जो निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करते हो उन छात्र-छात्राओं से योग्यता छात्रवृत्ति (Merit Scholarship) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

(क) योग्यता छात्रवृत्ति (Merit Scholarship) हेतु पात्रता :- इंजीनियरिंग महाविद्यालय (बी.ई.) के लिये 12 वीं, डिप्लोमा एमओएम एवं आर्किटेक्चर के लिए 12वीं तथा अन्य डिप्लोमा के लिये 10 वीं में 60 प्रतिशत प्राप्तांक होना अनिवार्य है।

1. आवेदन पत्र के साथ बी.ई. के लिये सिर्फ 12 वीं तथा डिप्लोमा के लिये 10 वीं, 12 वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी आवंटन पत्र आदि संलग्न कर भेजे, आवेदन पत्र का प्रारूप Website www.cgdteraipur.cgstate.gov.in में उपलब्ध है।

2. योग्यता छात्रवृत्तियों के लिये प्राप्त आवेदन पत्र छात्र-छात्राओं द्वारा अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर योग्यताक्रमानुसार समस्त आवेदन पत्रों का विवरण संलग्न प्रारूप Excel Sheet में तैयार कर संचालनालय के ईमेल आईडी. dte.yojana@gmail.com में उपलब्ध करावे साथ ही एकजाई प्रस्ताव संचालनालय को दिनांक 15.12.2022 तक अनिवार्यतः भेजा जावे।

3. उपरोक्तानुसार योग्यता छात्रवृत्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की आवश्यक जाँच संस्था में ही कर ली जावें तथा आवेदकों की अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंको के प्रतिशत की मेरिट सूची बनाकर प्रस्ताव भेजा जावे। यदि प्रस्ताव किसी संस्था से निर्धारित समय-सीमा में नही आता है तो प्राप्त सूची के अनुसार ही योग्यता छात्रवृत्ति की स्वीकृति जारी कर दी जावेगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संस्था प्रमुख की होगी।

4. जिन छात्र-छात्राओं को सत्र 2020-21 या पिछले वर्षो में संचालनालय द्वारा योग्यता छात्रवृत्ति स्वीकृत किया जा चुका है, उन्हें सत्र 2021-22 के लिये अधिसूचना दिनांक 21 जून 2013 के अनुसार छात्रवृत्ति नवीनीकरण कर स्वीकृति प्राचार्य द्वारा जारी कर सूचना संचालनालय को भेजी जावे।

(ख) योग्यता सह साधन छात्रवृत्तिः- समस्त शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों तथा पॉलीटेक्निक संस्थाओं में योग्यता सह साधन छात्रवृत्ति की नवीन छात्रवृत्ति एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति की स्वीकृति शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार संबंधित संस्था के प्राचार्य द्वारा स्वीकृत किया जाना है जिसके लिए प्राचार्य स्वयं सक्षम हैं।

योग्यता सह साधन छात्रवृत्ति के लिये संचालनालय को प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ शासन, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के अधिसूचना क्रमांक एफ 9-22/2013/तक.शि./42 दिनांक 21 जून 2013 में प्रकाशित छात्रवृत्ति (इंजीनियरिंग महाविद्यालय के लिए रूपये 1000 प्रतिमाह एवं पॉलीटेक्निक के लिए रूपये 600/- प्रतिमाह) से भुगतान करें। छात्रवृत्ति भुगतान करने के लिए आवश्यक आवंटन हेतु विस्तृत प्रस्ताव संचालनालय को भेजें ताकि राशि का आवंटन जारी किया जा सके। विभिन्न संस्थाओं में योग्यता सह साधन छात्रवृत्ति की संख्या स्वीकृत है। जो अधिसूचना में दिया गया है। अधिसूचना Website www.cgdteraipur.cgstate.gov.in में दी गई है

1. योग्यता सह साधन छात्रवृत्ति की पात्रता हेतु अर्हकारी परीक्षा इंजीनियरिंग महाविद्यालय के लिए 12 वीं एवं पॉलीटेक्निक के लिए एमओएम एवं डी.आर्किटेक्चर के लिए 12 वी तथा अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 10 वीं में 45: प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा छात्र के पालक/अभिभावक की समस्त स्त्रोतो से आय रू. 2.50 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

2. जिन योग्यता छात्रवृत्ति प्राप्त छात्र-छात्राओं का अन्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय/पॉलीटेक्निक में स्थानांतरण होता है तो उनकी छात्रवृत्ति का स्थानांतरण भी स्थानांतरित संस्था में किया जावे। ऐसे छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति स्थानांतरित कर संबंधित संस्थाओं के प्राचार्यो को अवगत कराएं जिससे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलने में कठिनाई न हो। संपूर्ण कार्यवाही के पश्चात इस संबंध में की गई कार्यवाही से संचालनालय को भी अवगत कराएं।

संचालक
तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़
15/11/22

## परिशिष्ट - अ

### छत्तीसगढ़ शासन की योग्यता छात्रवृत्ति एवं योग्यता सह साधन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन-पत्र सत्र 2022-23

1. आवेदक का पूरा नाम :- ..........................................................................
2. पाठ्यक्रम का नाम (बी.ई./डिप्लोमा) सेमेस्टर :- .............................. ब्रांच ........................
3. पिता का पूरा नाम :- ..........................................................................
4. माता का पूरा नाम :- ..........................................................................
5. यदि पिता/माता जीवित न हो तो :- ..........................................................................
   अभिभावक का पूरा नाम :- ..........................................................................
6. स्थायी निवास का पता :- ..........................................................................
   ..........................................................................
7. बैंक एवं शाखा का नाम :-..........................................................................
8. खाता कमांक :-..........................................................................
9. आई.एफ.एस.सी. कोड :-..........................................................................
10. आधार कमांक :-..........................................................................
11. मोबाइल नंबर :- ..........................................................................
12. माता/पिता के समस्त स्त्रोतों से कुल वर्षिक आय वित्तीय वर्ष 2021-22 :- ..........................................................................
13. उत्तीर्ण (अर्हकारी) परीक्षा का नाम एवं वर्षः- ..........................................................................
    1. विद्यालय/संस्था का नाम :- ..........................................................................
    2. परीक्षा के कुल पूर्णांक/प्राप्तांक/प्रतिशत :- ..........................................................................
14. उस संस्था का नाम जिसमें शिक्षा वर्ष :- ..........................................................................
    ( 2022-23) के लिए प्रवेश लिया गया है। :-..........................................................................
15. आवेदक के प्रवेश की तिथि :- ..........................................................................
16. क्या कोई अन्य छात्रवृत्ति मिल रही है :- ..........................................................................
    यदि हाँ तो विवरण दें।

मैं एतद् द्वारा घोषित करती/करता हूँ कि इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गए विवरण सही हैं। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि यदि आवेदित छात्रवृत्ति के लिए मेरा चयन किया गया तो मैं पूरा ध्यान अध्ययन में लगाउंगी/लगाउंगा और यह कि मैं किसी अन्य स्त्रोतों से कोई दूसरी छात्रवृत्ति नहीं प्राप्त करूंगा/करूंगी।

स्थान :- ................................

दिनांकः- ................................

आवेदक के हस्ताक्षर